## सार-समाचार

## झील में कूदे बुजुर्ग को पुलिस ने बचाया


पुलिस अधीक्षक ने किया पुलिसकर्मी को सम्मानित।

**जयपुर/अजमेर(निसं)।** जब एक पल की देरी जिंदगी और मौत के बीच फर्क तय कर सकती थी, तब अजमेर पुलिस ने तत्परता, साहस और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक बुजुर्ग की जान बचा ली। यह घटना पुलिस के मानवीय चेहरे की मिसाल बनकर सामने आई है। प्रकरण के अनुसार, अजमेर जिले के किशनगढ़ निवासी करीब 70 वर्षीय कैलाश गर्ग ने अचानक आनासागर झील में छलांग लगा दी। झील किनारे मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और तुरंत हरिभाऊ उपाध्याय नगर थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। हेड कांस्टेबल सज्जन कुमार और कांस्टेबल नरसीराम, पुखराज, बद्रीप्रसाद व राजकुमार ने बिना समय गंवाए झील में उतरकर डूब रहे बुजुर्ग को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पुलिसकर्मियों की तत्परता और टीमवर्क से एक बड़ी अनहोनी टल गई। रेस्क्यू के बाद बुजुर्ग को तत्काल प्राथमिक उपचार दिलाया गया और परिजनों से संपर्क कर उन्हें सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। इस सराहनीय कार्य के लिए जिला पुलिस अधीक्षक अजमेर हर्षवर्धन अगरवाला ने सभी पुलिसकर्मियों को 1100-1100 रुपए का नकद पुरस्कार और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई साबित करती है कि पुलिस न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने में अग्रणी है, बल्कि मानवता की रक्षा में भी अहम भूमिका निभाती है। एसपी ने कहा कि कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन आगे भी किया जाता रहेगा।

## गुड फ्राइडे पर चर्चों में गूंजे प्रार्थना और श्रद्धा के स्वर

**अजमेर,( कासं)।** शहर में आज ईसाई समाज द्वारा गुड फ्राइडे श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में समाज के लोग एकत्रित हुए और प्रभु ईसा मसीह के बलिदान को स्मरण किया। प्रात:काल चर्चों में सुबह 7 बजे से 9 बजे तक विशेष आराधना की गई। इस दौरान चर्च के फादर द्वारा प्रभु ईसा मसीह की शिक्षाओं और उनके बलिदान पर प्रकाश डालते हुए सात वाणियों पर विस्तार से प्रवचन दिए गए। श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण वातावरण में प्रार्थना कर आत्मिक शांति का अनुभव किया। दोपहर 12 बजे पुन: विशेष आराधना का आयोजन किया गया, जिसमें ईसा मसीह के जीवन और उनके संदेशों को गीतों और भजनों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से प्रभु की स्तुति की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। आराधना के बाद चर्च परिसर में लोगों ने एक-दूसरे से मिलकर गुड फ्राइडे की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। चर्च में आयोजित कार्यक्रमों के बाद ईसाई समाज के लोगों ने अपने-अपने घरों में भी प्रार्थनाएं कीं और दिनभर प्रभु ईसा मसीह के त्याग और बलिदान को याद करते हुए धार्मिक गतिविधियों में भाग लिया।

## दिव्यांगजनों को मिली नई राह, अजमेर में 37 लाभार्थियों को स्कूटी वितरित

**अजमेर,(कासं)।** समाज कल्याण एवं अधिकारिता विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शुक्रवार को वैशाली नगर स्थित बधिर विद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मुख्यमंत्री दिव्यांगजन योजना के अंतर्गत 37 पात्र लाभार्थियों को स्कूटी वितरित की। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके दैनिक जीवन को सुगम बनाना रहा। स्कूटी प्राप्त करने वाले लाभार्थियों में वे लोग शामिल हैं जो रोजगार के लिए कार्यस्थल पर जाते हैं, स्वयं का व्यवसाय संचालित करते हैं या शिक्षा के लिए बाहर आते-जाते हैं।

## विद्यालय परिसर में भक्ति का माहौल

**नसीराबाद, ( निसं )।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नान्दला परिसर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भव्य एवं दिव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान वातावरण 'जय श्रीराम' व 'जय बजरंगबली' के जयकारों से गूंज उठा और पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, विद्यार्थियों एवं श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। सुंदरकांड पाठ के दौरान भजन-कीर्तन की मधुर प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया। पाठ के समापन पर विधिवत आरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य धार्मिक चेतना के साथ समाज में एकता और संस्कारों का संदेश देना है। उपस्थित श्रद्धालुओं ने आयोजन की भव्य व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे अत्यंत प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी सहयोगकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## एनईपी 2020 के समयबद्ध क्रियान्वयन पर एमडीएसयू की जोरदार पहल

**अजमेर,( कासं )।** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया गया। कार्यशाला में देशभर के शिक्षाविदों, कुलपतियों, प्राचार्यों एवं नीति-निर्माताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, एबीआरएसएम के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यशाला में बताया गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति बहुविषयक शिक्षा, कौशल विकास, शोध नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए एक मजबूत ढांचा प्रस्तुत करती है।

# अजमेर दौरे पर पहुंचे एडीजी रूपिन्द्र सिंह, कानून व्यवस्था को लेकर दिए सख्त निर्देश

- अधिकारियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक, कानून व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर
- अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के निस्तारण पर फोकस



रेंज आईजी कार्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर से हुआ स्वागत।

**अजमेर, (कासं)।** पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं एडीजी रूपिन्द्र सिंह एक दिवसीय दौरे पर अजमेर पहुंचे। रेंज आईजी कार्यालय पहुंचने पर उनका औपचारिक रूप से गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और जवानों ने अनुशासन एवं सम्मान के साथ उन्हें सलामी दी।

गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात एडीजी रूपिन्द्र सिंह ने रेंज आईजी कार्यालय के सभागार में अजमेर रेंज के पुलिस अधिकारियों के साथ क्राइम बैठक आयोजित की। बैठक में जिले और रेंज की वर्तमान कानून व्यवस्था की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों से जमीनी स्तर की जानकारी लेकर उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एडीजी ने स्पष्ट कहा कि आमजन में सुरक्षा का विश्वास बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक के दौरान अपराध नियंत्रण को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए एडीजी ने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुराने मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और जांच कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके। एडीजी रूपिन्द्र सिंह ने अधिकारियों को फील्ड में सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस की मौजूदगी आमजन को दिखाई देनी चाहिए, जिससे अपराधियों में भय और जनता में विश्वास कायम हो। साथ ही, निगरानी तंत्र को और अधिक मजबूत करने पर भी बल दिया गया।

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जवाबदेही के साथ कार्य करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एडीजी ने कहा कि बेहतर पुलिसिंग के लिए टीमवर्क और समन्वय अत्यंत आवश्यक है।

इसके साथ ही एडीजी सिंह ने विश्व विख्यात सूफी संत हजरत ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में हाजरी देकर देश-प्रदेश में अमन चैन व भाईचारे सहित खुशहाली की कामना की। इस दौरान दरगाह खादिम ने एडीजी रूपेन्द्र सिंह को दरगाह जियारत करवाई और जियारत के बाद खादिम ने एडीजी रूपिन्द्र सिंह की दस्तारबंदी। दरगाह जियारत के दौरान आईजी राजेन्द्र सिंह एवं अजमेर एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## स्मैक और एमडी ड्रग्स बरामद

**अजमेर, (कासं)।** जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रामगंज थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला को अवैध ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी महिला के कब्जे से स्मैक और एमडी जैसे खतरनाक मादक पदार्थ बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि सांसी बस्ती स्थित एक फैक्ट्री के पास एक महिला अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध महिला को दबोच लिया। तलाशी के दौरान महिला के पास से 33 ग्राम स्मैक और 9.50 ग्राम एमडी बरामद की गई। बरामद मादक पदार्थों की मात्रा को देखते हुए यह मामला गंभीर श्रेणी में माना जा रहा है। पुलिस ने आरोपी महिला की पहचान माधुरी गोगावत के रूप में की है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। रामगंज थाना पुलिस अब इस मामले में गहन जांच कर रही है।

# 'अजमेर में पशु चिकित्सा सुविधाओं को मिली बड़ी सौगात'



1.5 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक इन्डोर वार्ड का शुभारंभ।

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर के बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय में पशुपालकों और जीवदया प्रेमियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई है। अरड़का स्थित नृसिंह गौशाला के महन्त शिव रतन जी तथा सरस डेयरी के प्रबंध निदेशक रामलाल चौधरी की उपस्थिति में वर्ष 2025 में निर्मित अत्याधुनिक पशु इन्डोर वार्ड एवं विश्राम गृह का विधिवत शुभारंभ किया गया।

करीब 1.5 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह वार्ड प्रदेश के सबसे बड़े और सुविधाजनक पशु चिकित्सा केंद्रों में शामिल हो गया है। यहां गंभीर रूप से बीमार पशुओं के उपचार के साथ-साथ पशुपालकों के ठहरने के लिए विशेष विश्राम गृह की व्यवस्था भी की गई है, जिससे दूर-दराज से आने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। संयुक्त निदेशक डॉ. नवीन परिहार ने बताया कि इस इन्डोर वार्ड में 10 केनल, 4 बड़े पशुओं तथा 5 छोटे पशुओं के लिए अलग-अलग विशेष वार्ड बनाए गए हैं। इसके अलावा बीमार पशुओं को आसानी से उतारने के लिए आधुनिक रैंप की सुविधा भी विकसित की गई है।

उन्होंने बताया कि पहले गंभीर रूप से बीमार पशुओं को उपचार के लिए किशनगढ़ ले जाना पड़ता था, जिससे रास्ते में कई पशुओं की मृत्यु हो जाती थी। अब अजमेर में ही यह सुविधा उपलब्ध होने से समय पर उपचार संभव हो सकेगा और पशुओं की जान बचाई जा सकेगी। कार्यक्रम में रामलाल चौधरी ने जिले में रिकॉर्ड दुग्ध उत्पादन की जानकारी देते हुए प्रगतिशील पशुपालकों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने पुष्कर मेले के दौरान आयोजित पशु प्रतियोगिताओं के लिए पुरस्कार राशि उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। इस दौरान जीवदया प्रेमी नरेन्द्र सिंह कड़ैल ने एम्बुलेंस सेवा 1962 के माध्यम से लाए जाने वाले निराश्रित गौवंश को उपचार के बाद गौशाला या कांजी हाउस तक पहुंचाने के लिए वाहन सुविधा की मांग रखी। जिस पर सकारात्मक कार्यवाही का भरोसा दिलाया गया।

## ऑटिज़्म जागरूकता दिवस पर विशेष बच्चों को मिली राहत

**अजमेर, (कासं)।** विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब अजमेर संयोगिता द्वारा समाज सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शहर की सामाजिक संस्था 'शुभदा' को डेजर्ट कूलर भेंट किए गए, जो ऑटिज़्म, सेरेब्रल पाल्सी एवं मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण बच्चों के लिए कार्य करती है।

क्लब सदस्यों ने संस्था का दौरा कर बच्चों के साथ समय बिताया और उनसे संवाद किया। संस्था की आरएंडडी हेड रेशम भागचंदानी ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। क्लब की अध्यक्ष डॉ. भारती प्रकाश ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों को गर्मी से राहत प्रदान करना और उन्हें बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराना है।

# अजमेर दक्षिण में 7 करोड़ की लागत से जीएनएम नर्सिंग स्कूल का शिलान्यास


सांसद भागीरथ चौधरी व विधायक अनिता भदेल ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का किया शुभारंभ।

**अजमेर,(कासं)।** अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में चन्द्रवरदायी नगर योजना में 7 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले जीएनएम नर्सिंग विद्यालय का भव्य शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री और लोकसभा सांसद भागीरथ चौधरी तथा अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल की उपस्थिति में भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागीरथ चौधरी ने कहा कि अनिता भदेल के सतत प्रयासों और संघर्ष के कारण क्षेत्र को यह महत्वपूर्ण सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि भारत प्रतिभाओं का देश है और इन प्रतिभाओं को निखारने के लिए बेहतर सुविधाएं और अवसर प्रदान करना आवश्यक है। चिकित्सा क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जिससे आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

उन्होंने कहा कि इस नर्सिंग विद्यालय की स्थापना से क्षेत्र के साथ-साथ प्रदेश के युवाओं को भी लाभ मिलेगा और यह क्षेत्र के विकास में नई गति प्रदान करेगा।

विधायक अनिता भदेल ने कहा कि इस विद्यालय की स्थापना के लिए वे लंबे समय से प्रयासरत थीं। क्षेत्र के विद्यार्थियों, विशेषकर बेटियों की मांग थी कि उन्हें नर्सिंग शिक्षा के लिए अन्य शहरों में न जाना पड़े। इस विद्यालय के शुरू होने से अब उन्हें अपने ही क्षेत्र में सुलभ और किफायती शिक्षा मिल सकेगी।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के बजट में इस नर्सिंग विद्यालय को स्वीकृति प्रदान की गई थी। अब सभी प्रक्रियाएं पूर्ण होने के बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इस विद्यालय में 60 अतिरिक्त सीटें उपलब्ध कराई जाएंगी।

## यूएन मंच पर अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की उठी आवाज

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के सीईओ डॉ. एस.एन. शर्मा ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र में धार्मिक असहिष्णुता, नस्लवाद और भेदभाव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज भी दुनिया के कई हिस्सों में लोग धर्म और मूल के आधार पर भेदभाव का सामना कर रहे हैं, जो वैश्विक मानवाधिकारों के लिए गंभीर चुनौती है। डॉ. शर्मा ने विशेष रूप से पाकिस्तान में हिंदू अल्पसंख्यकों की स्थिति पर चिंता जताते हुए जबरन धर्म परिवर्तन और बाल विवाह जैसी घटनाओं को गंभीर समस्या बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल अलग-अलग घटनाएं नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक संकट का संकेत है।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील करते हुए कहा कि मानवाधिकारों की रक्षा के लिए केवल बयानबाजी पर्याप्त नहीं है, बल्कि ठोस और प्रभावी कदम उठाना आवश्यक है।

## माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सचिव का अभिनंदन


**अजमेर,(कासं)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (विद्यालय शिक्षा) द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष भंवर सिंह राठौड़ के नेतृत्व में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव गजेंद्र सिंह राठौड़ का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर साफा पहनाकर और उपरणा ओढ़ाकर उनका स्वागत किया गया तथा जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गईं। संगठन ने बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम समय पर जारी करने की सराहना करते हुए तकनीकी कारणों से रुके परिणाम भी शीघ्र जारी करने की मांग की।

# 'आयम्बिल' मिलावटी खानपान के दुष्प्रभावों को हराने वाला संयम का शस्त्र


कलापूर्ण सूरी आराधना भवन में नवदिवसीय नवपद आयम्बिल ओली का समापन ।

**अजमेर, (कासं)।** जीभ के स्वाद पर नियंत्रण और शरीर के स्वास्थ्य को संतुलित रखने का अद्भुत साधन आयम्बिल है। यह केवल भोजन का त्याग नहीं, बल्कि इंद्रियों पर नियंत्रण प्राप्त करने का माध्यम है। ये विचार साध्वी निरंजना श्रीजी ने पुष्कर रोड स्थित कलापूर्ण सूरी आराधना भवन में आयोजित नवदिवसीय नवपद आयम्बिल ओली के समापन अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आयम्बिल ब्रह्मचर्य के मार्ग का एक अलौकिक माध्यम है, जो साधक को संयम और आत्मशुद्धि की ओर अग्रसर करता है। साध्वी प्रशमरसा श्रीजी ने आयम्बिल को मिलावटी खानपान से उत्पन्न दुष्प्रभावों के विरुद्ध एक प्रभावी शस्त्र बताते हुए कहा कि इसका मूल उद्देश्य स्वाद, खट्टापन और लजीजता से युक्त भोजन का त्याग करना है। कार्यक्रम के प्रारंभ में 67 तपस्वियों को प्रत्याख्यान कराकर मांगलिक श्रवण कराया गया, जिसके बाद पारणा महोत्सव प्रारंभ हुआ। साध्वी निरंजना श्रीजी पिछले 56 वर्षों से निरंतर नवपद आयम्बिल ओली का पालन कर रही हैं।

# 'संगीत के रंग एमएसएमटी के संग' का होगा आयोजन


'संगीत के रंग एमएसएमटी के संग' कार्यक्रम से पूर्व हुई प्रेस वार्ता।

**अजमेर,(कासं)।** मिले सुर मेरा तुम्हारा (एमएसएमटी) सिंगिंग म्यूजिकल ग्रुप, अजमेर द्वारा 5 अप्रैल (रविवार) को सांय 3:30 बजे से राजीव गांधी ऑडिटोरियम, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में भव्य वार्षिक उत्सव 'संगीत के रंग एमएसएमटी के संग' गीतांजलि 2026 का आयोजन किया जाएगा।

संस्था के प्रकाश जेठरा ने बताया कि यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से लाइव गायन पर आधारित होगा, जिसमें एमएसएमटी परिवार के प्रतिभाशाली गायक एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में संगीत प्रेमियों के लिए विविधता से भरपूर प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। कमरजहां ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य गीत-संगीत को बढ़ावा देना और उन बच्चों एवं लोगों को मंच प्रदान करना है, जो अपनी प्रतिभा के बावजूद आगे नहीं बढ़ पाए हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में ऐसे बच्चों का विशेष नृत्य भी शामिल किया गया है, जो मानसिक रूप से पूर्ण रूप से परिपक्व नहीं हैं, ताकि उन्हें भी अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर मिल सके।

संस्था के अनूप गौड़ ने बताया कि यह संगठन केवल एक संस्था नहीं, बल्कि एक परिवार के रूप में कार्य करता है। इसमें केवल अजमेर ही नहीं, बल्कि चित्तौड़, किशनगढ़, सरवाड़, सावर और जयपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों के कलाकार भी नियमित रूप से भाग लेते हैं। संस्था संगीत के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। इसके सदस्य समय-समय पर अजमेर सहित देश के विभिन्न स्थानों पर नि:शुल्क भजन संध्या का आयोजन भी करते हैं।

# तारागढ़ किले का होगा कायाकल्प, 20 करोड़ के विकास कार्य होंगे


वासुदेव देवनानी ने सर्किट हाउस में अजमेर विकास प्राधिकरण और नगर निगम की संयुक्त बैठक ली।

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर की ऐतिहासिक धरोहर तारागढ़ किले और आसपास के क्षेत्र का शीघ्र ही व्यापक विकास किया जाएगा। इसके लिए 20 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार, संग्रहालय, उद्यान और अन्य सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सर्किट हाउस में अजमेर विकास प्राधिकरण और नगर निगम की संयुक्त बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह किला सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिष्ठा से जुड़ा है, इसलिए इसके विकास में ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखा जाए।

जिला कलेक्टर लोक बंधु ने बताया कि तारागढ़ के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा, जिसमें पार्किंग, भोजनालय और प्रकाश एवं ध्वनि प्रदर्शन जैसे प्रस्ताव भी शामिल होंगे। इसके साथ ही पृथ्वीराज नगर क्षेत्र में 28 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले कन्वेंशन सेंटर का कार्यादेश इसी माह जारी किया जाएगा। यह परियोजना शहर के विकास को नई गति देगी।

बैठक में निर्देश दिए गए कि नगर निगम और अजमेर विकास प्राधिकरण अपनी खाली भूमि को चिन्हित कर तारबंदी करें और अतिक्रमण हटाएं, ताकि अवैध कब्जों पर रोक लगाई जा सके। इसके अलावा वरुण सागर और चौरसियावास तालाबों के सौंदर्यीकरण, नालों की सफाई, पुलिस चौकियों के निर्माण तथा अन्य विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के लिए कहा गया। बैठक में जिला कलेक्टर लोकबंधु, एडीए आयुक्त नित्या के और सचिव अनिल कुमार पूनिया मौजूद रहे।


**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0**
टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com
क्रमांक- न.पा.बि./भूमि/2026/25 आम सूचना दिनांक: 01-04-26
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कॉलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेंगे। अत: इन भूखण्डों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदन क्रमांक | आवेदक का नाम | योजना/ग्राम का नाम | खसरा सं. | भू. सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | LD/VJNR/2025-26/ 353791 | भंवरलाल शर्मा पुत्र मोहनलाल शर्मा | मधुवन विहार कॉलोनी बिजयनगर | 759/179 | 16 | 116.17 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0**
टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com
क्रमांक- न.पा.बि./भूमि/2026/21 आम सूचना दिनांक: 01-04-26
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कॉलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेंगे। अत: इन भूखण्डों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदन क्रमांक | आवेदक का नाम | योजना/ग्राम का नाम | खसरा सं. | भू. सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | LD/VJNR/2025-26/ 353770 | कैलाश माली पुत्र भंवरलाल माली | मधुवन विहार कॉलोनी बिजयनगर | 759/179 | 23 | 116.11 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0**
टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com
क्रमांक- न.पा.बि./भूमि/2026/13 आम सूचना दिनांक: 01-04-26
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कॉलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेंगे। अत: इन भूखण्डों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदन क्रमांक | आवेदक का नाम | योजना/ग्राम का नाम | खसरा सं. | भू. सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | LD/VJNR/2025-26/ 353607 | स्वाती लोढ़ा पत्नी अंकित लोढ़ा | मधुवन विहार कॉलोनी बिजयनगर | 759/179 | 74 | 139.82 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0**
टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com
क्रमांक- न.पा.बि./भूमि/2026/17 आम सूचना दिनांक: 01-04-26
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कॉलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेंगे। अत: इन भूखण्डों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदन क्रमांक | आवेदक का नाम | योजना/ग्राम का नाम | खसरा सं. | भू. सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | LD/VJNR/2025-26/ 354362 | विजेन्द्र सिंह पडियार पुत्र अमर सिंह | मधुवन विहार कॉलोनी बिजयनगर | 759/179 | 41 | 116.17 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर)राजस्थान**
क्रमांक- न.प.कि./कृषि भूमि नियमन/2026/6284 - आपत्ति विज्ञप्ति- दिनांक: 27/03/2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में राजस्व ग्राम जाटली के खसरा संख्या 1051,1052,1055/1350,1053,1054,1055 में पट्टा शुदा में स्थित भूखण्ड धारक द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन वास्ते आवेदन पेश किया है, इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपत्तियां/कारण/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें, अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं आवेदक के पक्ष में भूमिका भू-उपयोग परिवर्तन कर दिया जावेगा।

| क्र. सं. | प्रार्थी का नाम | खसरा संख्या राजस्व ग्राम भूखंड संख्या | वर्तमान उपयोग | वांछित क्षेत्रफल | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री रामा जाट पुत्र श्री श्रवण, श्री विश्राम लाल जाट पुत्र श्री हरकरण जाट निवासी काली डूंगरी किशनगढ़ जिला अजमेर। | 1051,1052,1055/ 1350,1053,1054, 1055 जाटली 09 | आवासीय | वाणिज्यिक | 444.44 वर्गगज |

- आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़

**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर)राजस्थान**
क्रमांक- न.प.कि./कृषि भूमि नियमन/2026/6287 - आपत्ति विज्ञप्ति- दिनांक: 27/03/2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में राजस्व ग्राम जाटली के खसरा संख्या 1051,1052,1055/1350,1053,1054,1055 में पट्टा शुदा में स्थित भूखण्ड धारक द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन वास्ते आवेदन पेश किया है, इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपत्तियां/कारण/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें, अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं आवेदक के पक्ष में भूमिका भू-उपयोग परिवर्तन कर दिया जावेगा।

| क्र. सं. | प्रार्थी का नाम | खसरा संख्या राजस्व ग्राम भूखंड संख्या | वर्तमान उपयोग | वांछित क्षेत्रफल | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री विजय तापडीया पुत्र श्री गोरधन लाल तापडीया निवासी शिवाजी नगर मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर। | 1051,1052,1055/ 1350,1053,1054, 1055 जाटली 05 | आवासीय | वाणिज्यिक | 444.44 वर्गगज |

- आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0**
टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com
क्रमांक- न.पा.बि./भूमि/2026/09 आम सूचना दिनांक: 01-04-26
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कॉलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेंगे। अत: इन भूखण्डों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदन क्रमांक | आवेदक का नाम | योजना/ग्राम का नाम | खसरा सं. | भू. सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | LD/VJNR/2025-26/ 353766 | हेमराज सेन पुत्र रामचन्द्र | मधुवन विहार कॉलोनी बिजयनगर | 759/179 | 31 | 116.11 वर्गमीटर |
| 2 | LD/VJNR/2025-26/ 353760 | हेमराज सेन पुत्र रामचन्द्र | मधुवन विहार कॉलोनी बिजयनगर | 759/179 | 32 | 116.11 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर